महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) (A

Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जापान में विनोबा

हिरोसाकि विश्वविद्यालय की छात्रा हिंदी विश्वविद्यालय में

जापान के हिरोसाकि विश्वविद्यालय से आयी एरि किकुचि (मध्य में) के साथ कुलपति विभूति नारायण राय, अकियो हागा तथा जापान के अध्यापक एवं छात्र ।

वर्धा दि. 27 अगस्त 2012 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के लिए हिंदी सीखाने के लिए प्रारंभ किये डिप्लोमा पाठ्यक्रम में चीन, थाईलैंड तथा क्रोएशिया के छात्रों के बाद अब जापान के छात्र भी आने लगे हैं। विश्वविद्यालय में जापान के हिरोसाकि विश्वविद्यालय से एम. ए. की पढ़ाई कर रही छात्रा एरि किकुचि ने इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एरि किकुचि ने हिरोसाकि विश्वविद्यालय से आचार्य विनोबा भावे के महत्वपूर्ण अवदानों पर शोध कार्य किया है। यह भी विदित हो की जापान के विश्वविद्यालय में विनोबा भावे के चिंतन पर एम. ए. पाठ्यक्रम में अध्ययन किया जाता है। एरि किकुचि हिंदी विश्वविद्यालय में हिंदी की पढाई के साथ-साथ आचार्य विनोबा भावे पर अपना आगे का शोधकार्य भी जारी रखेगी।

जापान की छात्रा के विश्वविद्यालय में आगमन पर विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशों में हिंदी शिक्षण का और अधिक विस्तार करने के लिए हम एक समन्वयक की भूमिका निभा रहे हैं। इस संदर्भ में गांधी और विनोबा की इस भूमि की उर्वरा शक्ति की पहचान विश्व को होगी।

बी. एस. मिरगे

जनसंपर्क अधिकारी

This document was created by Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com